Haryana Government Gazette

EXTRAORDINARY

Published by Authority

© Govt. of Haryana

No. 94-2019/Ext.] CHANDIGARH, FRIDAY, JUNE 7, 2019 (JYAISTHA 17, 1941 SAKA)

हरियाणा सरकार

सिंचाई तथा जल संसाधन विभाग

अधिसूचना

दिनांक : 07.06.2019

संख्या 46/22/2019–3 सिं.कार्य.– भारत के संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, हरियाणा के राज्यपाल, इसके द्वारा, हरियाणा सिंचाई तथा जल संसाधन विभाग राजस्व स्थापना (ग्रुप ग) सेवा में नियुक्त व्यक्तियों की भर्ती तथा सेवा की शर्तों को विनियमित करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं; अर्थात्:–

भाग – 1 सामान्य

1. संक्षिप्त नाम तथा प्रारम्भ।

(1) ये नियम हरियाणा सिंचाई तथा जल संसाधन विभाग राजस्व स्थापना (ग्रुप ग) सेवा नियम, 2019 कहे जा सकते हैं।

(2) ये नियम इनके राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से लागू होंगे।

2. परिभाषाएं।

इन नियमों में, जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,–

(क) "बोर्ड" से अभिप्राय है,–

(i) हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी; या

(ii) कोई अन्य बोर्ड जिसे इन नियमों के प्रयोजनार्थ सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त बोर्ड के रुप में घोषित किया गया हो;

(ख) "आयोग" से अभिप्राय है, हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग;

(ग) "उप संग्रहक" से अभिप्राय है, सिंचाई तथा जल संसाधन विभाग, हरियाणा का उप संग्रहक"

(घ) "सीधी भर्ती" से अभिप्राय है, कोई भी नियुक्ति, जो सेवा में से पदोन्नति द्वारा या भारत सरकार या किसी राज्य सरकार की सेवा में पहले से लगे किसी कर्मचारी के स्थानांतरण से अन्यथा की गई हो ;

(ड़) "प्रमुख अभियंता" से अभिप्राय है, सिंचाई तथा जल संसाधन विभाग, हरियाणा का प्रमुख अभियंता;

(च) "कार्यकारी अभियंता" से अभिप्राय है, सिंचाई तथा जल संसाधन विभाग, हरियाणा के मण्डल के रुप में ज्ञात नहर प्रणाली या क्षेत्र का कार्यभारी अधिकारी;–

(छ) "महाप्रबन्धक" से अभिप्राय है, सिंचाई तथा जल संसाधन विभाग, हरियाणा का महाप्रबन्धक/परियोजना;

(ज) "सरकार" से अभिप्राय है, प्रशासनिक विभाग में हरियाणा सरकार ;

(झ) "संस्था" से अभिप्राय है,–

(i) हरियाणा राज्य में लागू विधि द्वारा स्थापित कोई संस्था; या

(ii) इन नियमों के प्रयोजन के लिए सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त कोई अन्य संस्था;

(ञ) "मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय" से अभिप्राय है,–

(i) भारत में विधि द्वारा निगमित कोई विश्वविद्यालय ; या

(ii) कोई अन्य विश्वविद्यालय, जो इन नियमों के प्रयोजनार्थ सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय के रुप में घोषित किया गया हो ;

(ट) "सेवा" से अभिप्राय है, हरियाणा सिंचाई तथा जल संसाधन विभाग राजस्व स्थापना (ग्रुप ग) सेवा।

(ठ) "अधीक्षक अभियंता" से अभिप्राय है, सिंचाई तथा जल संसाधन विभाग, हरियाणा के परिमंडल के नाम से ज्ञात क्षेत्र की नहर प्रणाली का कार्यभारी अधिकारी।

भाग – II सेवा में भर्ती

3. पदों की संख्या तथा उनका स्वरुप।

सेवा में, इन नियमों के परिशिष्ट–क में दर्शाए गए पद समाविष्ट होंगे ;

परन्तु इन नियमों की कोई भी बात ऐसे पदों की संख्या में वृद्धि या कमी करने या विभिन्न पदनामों और वेतनमानों वाले नए पद स्थाई अथवा अस्थाई रुप से बनाने के सरकार के अन्तर्निहित अधिकार पर प्रभाव नहीं डालेगी।

4. सेवा में नियुक्त किए गए उम्मीदवारों की राष्ट्रीयता, अधिवास तथा चरित्र।

(1) कोई भी व्यक्ति सेवा में किसी भी पद पर तब तक नियुक्त नहीं किया जाएगा, जब तक वह निम्नलिखित न हो,–

(क) भारत का नागरिक; या

(ख) नेपाल की प्रजा; या

(ग) भूटान की प्रजा :

परन्तु प्रवर्ग (ख) या (ग) से संबंधित किसी प्रवर्ग का व्यक्ति, ऐसा व्यक्ति होगा जिसके पक्ष में सरकार द्वारा पात्रता का प्रमाण पत्र जारी किया गया हो।

(2) कोई भी व्यक्ति, जिसकी दशा में पात्रता का प्रमाण पत्र आवश्यक हो, उसे आयोग या किसी अन्य भर्ती प्राधिकरण द्वारा संचालित परीक्षा या साक्षात्कार के लिए प्रविष्ट किया जा सकता है, किन्तु नियुक्ति का प्रस्ताव उसे केवल सरकार द्वारा आवश्यक पात्रता प्रमाण पत्र जारी किए जाने के बाद ही दिया जा सकता है।

(3) कोई भी व्यक्ति, सेवा में किसी पद पर सीधी भर्ती द्वारा तब तब नियुक्त नहीं किया जाएगा जब तब वह अपने अंतिम उपस्थिति के विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, विद्यालय या संस्था, यदि कोई हो, के प्रधान शैक्षणिक अधिकारी से चरित्र प्रमाण पत्र और दो ऐसे अन्य जिम्मेवार व्यक्तियों से, जो उसके संबंधी न हों, किन्तु उसके व्यक्तिगत जीवन में उससे भली भांति परिचित हों, और जो उसके विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, विद्यालय या संस्था से संबंधित न हों, उसी प्रकार के प्रमाण पत्र प्रस्तुत न करे।

5. आयु।

कोई व्यक्ति सेवा में किसी पद पर सीधी भर्ती द्वारा नियुक्त नहीं किया जाएगा जो आयोग या किसी अन्य भर्ती प्राधिकरण को आवेदन की प्रस्तुति के अंतिम दिन को अठारह वर्ष से कम या बयालीस वर्ष की आयु से अधिक का हो।

6. योग्यताएं।

कोई भी व्यक्ति, सेवा में किसी भी पद पर तब तक नियुक्त नहीं किया जाएगा, जब तक वह सीधी भर्ती की दशा में, इन नियमों के परिशिष्ट ख के खाना 3 तथा सीधी भर्ती से अन्यथा नियुक्ति की दशा में पूर्वोक्त परिशिष्ट के खाना 4 में विनिर्दिष्ट योग्यताएं तथा अनुभव न रखता हो :

परन्तु सीधी भर्ती की दशा में अनुभव संबंधी योग्यताओं में आयोग के विवेक पर पचास प्रतिशत सीमा तक ढील दी जा सकेगी यदि अनुसूचित जातियों, पिछड़े वर्गों, भूतपूर्व सैनिकों और शारीरिक रुप से विकलांग उम्मीदवारों के लिए आरक्षित रिक्तियों को भरने के लिए अपेक्षित अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों की पर्याप्त संख्या उपलब्ध न हो, ऐसा करने के लिए लिखित रुप में कारण दिए जाएंगे।

7. अयोग्यताएं।

कोई भी व्यक्ति,–

(क) जिसने जीवित पति/पत्नी वाले व्यक्ति से विवाह कर लिया अथवा विवाह की संविदा कर ली है ; या

(ख) जिसने पति/पत्नी के जीवित होते हुए किसी अन्य व्यक्ति से विवाह कर लिया है या विवाह की संविदा कर ली है, सेवा में किसी भी पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा :

परन्तु यदि सरकार की सन्तुष्टि हो जाए कि ऐसे व्यक्ति और विवाह के दूसरे पक्ष पर लागू स्वीय विधि के अधीन ऐसा विवाह अनुज्ञेय है और ऐसा करने के अन्य आधार भी हैं, तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के लागू होने से छूट दे सकती है।

8. नियुक्ति प्राधिकारी।

सेवा में पदों पर नियुक्ति इन नियमों के परिशिष्ट ग में यथा विहित नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा की जाएगी।

9. भर्ती का ढ़ंग।

(1) सेवा में भर्ती निम्नलिखित ढ़ंग से की जाएगी,–

(क) जिलेदार की दशा में,–

(i) 50 प्रतिशत वरिष्ठता एवं मेरिट के आधार पर मुख्य राजस्व लिपिक, निर्धारण लिपिक, राजस्व लिपिक तथा सहायक राजस्व लिपिक में से पदोन्नति द्वारा;

(ii) 50 प्रतिशत सीधी भर्ती द्वारा या किसी राज्य सरकार या भारत सरकार की सेवा में जिलेदार के रुप में पहले से ही लगे किसी कर्मचारी के स्थानांतरण या प्रतिनियुक्ति द्वारा :

परन्तु जिलेदार के रुप में सीधी भर्ती की दशा में आरंभिक नियुक्ति जिलेदार उम्मीदवार के रुप में की जाएगी।

(ख) मुख्य राजस्व लिपिक की दशा में ,–

सौ प्रतिशत निर्धारण लिपिकों में से पदोन्नति द्वारा;

(ग) निर्धारण लिपिक की दशा में ,–

सौ प्रतिशत राजस्व लिपिकों में से पदोन्नति द्वारा;

(घ) राजस्व लिपिक की दशा में ,–

सौ प्रतिशत सहायक राजस्व लिपिकों में से पदोन्नति द्वारा;

(ड़) सहायक राजस्व लिपिक की दशा में ,–

(i) 75 प्रतिशत नहरी पटवारियों में से पदोन्नति द्वारा; तथा

(ii) 25 प्रतिशत सीधी भर्ती द्वारा या किसी राज्य सरकार या भारत सरकार की सेवा में सहायक राजस्व लिपिक के रुप में पहले से ही लगे किसी कर्मचारी के स्थानांतरण या प्रतिनियुक्ति द्वारा ;

परन्तु सहायक राजस्व लिपिक के रुप में सीधी भर्ती की दशा में आरंभिक नियुक्ति सहायक राजस्व लिपिक उम्मीदवार के रुप में की जाएगी।

(च) नहरी पटवारी की दशा में,–

सौ प्रतिशत सीधी भर्ती द्वारा :

परन्तु नहरी पटवारी के रुप में सीधी भर्ती की दशा में आरंभिक नियुक्ति नहरी पटवारी उम्मीदवार के रुप में की जाएगी।

(2) सभी पदोन्नतियां जब तक अन्यथा उपबन्धित न हो, ज्येष्ठता एवं योग्यता के आधार पर की जाएंगी तथा केवल ज्येष्ठता ही ऐसी पदोन्नतियों के लिए कोई अधिकार प्रदान नहीं करेगी।

(3) सीधी भर्ती के रुप में नियुक्त उम्मीदवारों को प्रशिक्षण पर जाना होगा :–

(क) जिलेदार उम्मीदवार की दशा में,–

(i) वह "उप संग्रहक" के पर्यवेक्षण के अधीन छहः मास की अवधि के लिए प्रशिक्षण पर जाएगा तथा प्रशिक्षण को पूरा करने के बाद उम्मीदवार को परिशिष्ट घ में उपबन्धित पाठ्यक्रम के अनुसार विभागीय परीक्षा पास करनी अपेक्षित होगी। इसके अतिरिक्त, वह सरकार द्वारा यथा विनिर्दिष्ट प्राधिकृत किसी संस्था से माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस (एम.एस.) तथा डाटा बेस मैनेजमेंट सिस्टम (डी. बी.एम.एस.), कम्प्यूटर प्रोफिसैन्सी कार्यक्रम का तीन मास का प्रमाण पत्र सम्मिलित है, पूर्ण करेगा। परीक्षा पास करने के बाद उम्मीदवार को जिलेदार के रुप में नियुक्त किया जाएगा।

(ii) परीक्षा मुख्यालय स्तर पर आयोजित की जाएगी;

(iii) यदि, उम्मीदवार प्रथम अवसर में परीक्षा पास करने में असमर्थ है, तो उसे अंतिम परीक्षा की तिथि से प्रत्येक तीन मास की अवधि के बाद दो और अवसर दिए जाएंगें। तब तक, वह लगातार प्रशिक्षण पर रहेगा। यदि उम्मीदवार तीसरे अवसर के बाद भी परीक्षा पास करने में असमर्थ है, तो प्रमुख अभियंता तीन मास की अवधि के बाद एक अनुकम्पा (मर्सी) अवसर दे सकता है। तब तक, वह लगातार प्रशिक्षण पर रहेगा। यदि कोई उम्मीदवार अनुकम्पा अवसर प्राप्त करने के बाद भी परीक्षा पास करने मे असमर्थ है, तो जिलेदार उम्मीदवार के रुप में उसकी सेवा समाप्त कर दी जाएगी;

(iv) प्रशिक्षण की अवधि के दौरान तथा जिलेदार के रुप में उसके कार्यग्रहण करने तक, वह 20,000/– रुपये (केवल बीस हजार रुपये) प्रतिमास की दर से या सरकार द्वारा समय–समय पर यथा संशोधित दर से वजीफा प्राप्त करेगा; तथा

(v) यदि, प्रशिक्षण अवधि के दौरान किसी जिलेदार उम्मीदवार का कार्य या आचरण संतोषजनक नहीं पाया जाता है, तो उसका नाम स्वीकृत उम्मीदवारों की सूची से हटा दिया जाएगा;

(ख) सहायक राजस्व लिपिक उम्मीदवार की दशा में,–

(i) वह जिलेदार के पर्यवेक्षण के अधीन छहः मास की अवधि के लिए प्रशिक्षण पर जाएगा। प्रथम चार मास के लिए वह नहरी पटवारी से संलग्न रहेगा तथा आगामी दो मास के लिए सहायक राजस्व लिपिक के साथ संलग्न रहेगा। प्रशिक्षण को पूरा करने के बाद, उम्मीदवार को परिशिष्ट ड़ में उपबन्धित पाठ्यक्रम के अनुसार विभागीय परीक्षा पास करनी अपेक्षित होगी। परीक्षा पास करने के बाद, उम्मीदवार को सहायक राजस्व लिपिक के रुप में नियुक्त किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, वह सरकार द्वारा यथा विहित प्राधिकृत किसी संस्था से माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस (एम.एस.) तथा डाटा बेस मैनेजमेंट सिस्टम (डी.बी.एम.एस.), कम्प्यूटर प्रोफिसैन्सी कार्यक्रम का तीन मास का प्रमाण पत्र सम्मिलित है, पूर्ण करेगा। परीक्षा पास करने के बाद उम्मीदवार को सहायक राजस्व लिपिक के रुप में नियुक्त किया जाएगा।

(ii) परीक्षा मुख्यालय स्तर पर आयोजित की जाएगी।

(iii) यदि, उम्मीदवार प्रथम अवसर में परीक्षा पास करने में असमर्थ है, तो उसे अंतिम परीक्षा की तिथि से प्रत्येक तीन मास की अवधि के बाद दो और अवसर दिए जाएंगें। तब तक, वह लगातार प्रशिक्षण पर रहेगा। यदि उम्मीदवार तीसरे अवसर के बाद भी परीक्षा पास करने में असमर्थ है, तो प्रमुख अभियंता तीन मास की अवधि के बाद एक अनुकम्पा (मर्सी) अवसर दे सकता है। तब तक, वह लगातार प्रशिक्षण पर रहेगा। यदि कोई उम्मीदवार अनुकम्पा अवसर प्राप्त करने के बाद भी परीक्षा पास करने मे असमर्थ है, तो सहायक राजस्व लिपिक उम्मीदवार के रुप में उसकी सेवा समाप्त कर दी जाएगी; तथा

(iv) प्रशिक्षण की अवधि के दौरान, तथा सहायक राजस्व लिपिक के रुप में उसके कार्यग्रहण करने तक, वह 18,000/– रुपये (केवल अठारह हजार रुपये) प्रतिमास की दर से या सरकार द्वारा समय–समय पर यथा संशोधित दर से वजीफा प्राप्त करेगा; तथा

(v) यदि प्रशिक्षण अवधि के दौरान किसी सहायक राजस्व लिपिक उम्मीदवार का कार्य या आचरण संतोषजनक नहीं पाया जाता है, तो उसका नाम स्वीकृत उम्मीदवारों की सूची से हटा दिया जाएगा।

(ग) नहरी पटवारी उम्मीदवार की दशा में,–

(i) वह जिलेदार के पर्यवेक्षण के अधीन छहः मास की अवधि के लिए प्रशिक्षण पर जाएगा। प्रथम चार मास के लिए वह नहरी पटवारी से संलग्न रहेगा तथा आगामी दो मास के लिए सहायक राजस्व लिपिक के साथ संलग्न रहेगा। प्रशिक्षण को पूरा करने के बाद, उम्मीदवार को परिशिष्ट च में उपबन्धित पाठ्यक्रम के अनुसार विभागीय परीक्षा पास करनी अपेक्षित होगी। इसके अतिरिक्त, वह सरकार द्वारा यथा विनिर्दिष्ट प्राधिकृत किसी संस्था से माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस (एम. एस.) तथा डाटा बेस मैनेजमेंट सिस्टम (डी.बी.एम.एस.), कम्प्यूटर प्रोफिसैन्सी कार्यक्रम का तीन मास का प्रमाण पत्र सम्मिलित है, पूर्ण करेगा। परीक्षा पास करने के बाद उम्मीदवार को जिलेदार के रुप में नियुक्त किया जाएगा। परीक्षा पास करने के बाद, उम्मीदवार को नहरी पटवारी के रुप में नियुक्त किया जाएगा;

(ii) परीक्षा मुख्यालय स्तर पर आयोजित की जाएगी;

(iii) यदि, उम्मीदवार प्रथम अवसर में परीक्षा पास करने में असमर्थ है, तो उसे अंतिम परीक्षा की तिथि से प्रत्येक तीन मास की अवधि के बाद दो और अवसर दिए जाएंगें। तब तक, वह लगातार प्रशिक्षण पर रहेगा। यदि उम्मीदवार तीसरे अवसर के बाद भी परीक्षा पास करने में असमर्थ है, तो प्रमुख अभियंता तीन मास की अवधि के बाद एक अनुकम्पा (मर्सी) अवसर दे सकता है। तब तक, वह लगातार प्रशिक्षण पर रहेगा। यदि कोई उम्मीदवार अनुकम्पा अवसर प्राप्त करने के बाद भी परीक्षा पास करने मे असमर्थ है, तो नहरी पटवारी उम्मीदवार के रुप में उसकी सेवा समाप्त कर दी जाएगी।

(iv) प्रशिक्षण की अवधि के दौरान, तथा नहरी पटवारी के रुप में उसके कार्यग्रहण करने तक, वह 15,000/– रुपये (केवल पन्द्रह हजार रुपये) प्रतिमास की दर से या सरकार द्वारा समय–समय पर यथा संशोधित दर से वजीफा प्राप्त करेगा ; तथा

(v) यदि प्रशिक्षण अवधि के दौरान किसी नहरी पटवारी उम्मीदवार का कार्य या आचरण संतोषजनक नहीं पाया जाता है, तो उसका नाम स्वीकृत उम्मीदवारों की सूची से हटा दिया जाएगा।

10. परिवीक्षा।

(1) सेवा में किसी भी पद पर नियुक्त व्यक्ति, यदि वह सीधी भर्ती द्वारा नियुक्त किया गया हो, तो दो वर्ष की अवधि के लिए और यदि वह अन्यथा नियुक्त किया गया हो, तो एक वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर रहेगाः

परन्तु –

(क) ऐसी नियुक्ति के बाद किसी अनुरुप या उच्चतर पद पर प्रतिनियुक्ति पर व्यतीत की गई कोई अवधि, परिवीक्षा की अवधि में गिनी जाएगी ;

(ख) स्थानांतरण द्वारा किसी नियुक्ति की दशा में, सेवा में किसी पद पर नियुक्ति से पहले किसी समकक्ष अथवा उच्चतर पद पर किए गए कार्य की कोई अवधि, नियुक्ति प्राधिकारी के विवेक पर, इस नियम के अधीन नियत परिवीक्षा अवधि की और गिनने की अनुमति दी जा सकती है ; और

(ग) स्थानापन्न नियुक्ति की कोई भी अवधि परिवीक्षा पर व्यतीत की गई अवधि के रुप में गिनी जाएगी, किन्तु कोई भी व्यक्ति जिसने ऐसे स्थानापन्न रुप में कार्य किया है, परिवीक्षा की विहित अवधि के पूरा होने पर, किसी स्थायी रिक्ति पर नियुक्त न किया गया हो, पुष्ट किए जाने का हकदार नहीं होगा।

(2) यदि, नियुक्ति प्राधिकारी की राय में परिवीक्षा की अवधि के दौरान किसी व्यक्ति का कार्य अथवा आचरण संतोषजनक न रहा हो, तो वह,–

(क) यदि ऐसा व्यक्ति सीधी भर्ती द्वारा नियुक्त किया गया हो तो उसे उसकी सेवाओं से अलग कर सकता है; या

उसकी परिवीक्षा अवधि एक वर्ष के लिए बढ़ा सकता है और उसके बाद ऐसे आदेश कर सकता है जो वह परिवीक्षा की प्रथम अवधि की समाप्ति पर कर सकता था :

परन्तु परिवीक्षा की कुल अवधि जिसमें बढ़ाई गई अवधि भी, यदि कोई है, शामिल है, तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी।

(ख) यदि ऐसा व्यक्ति सीधी भर्ती से अन्यथा नियुक्त किया गया हो, तो,–

(i) उसे उसके पूर्व पद पर प्रतिवर्तित कर सकता है; या

उसकी परिवीक्षा अवधि बढ़ा सकता है और उसके बाद ऐसे आदेश कर सकता है जो वह परिवीक्षा की प्रथम अवधि की समाप्ति पर कर सकता थाः

परन्तु परिवीक्षा की कुल अवधि जिसमें बढ़ाई गई अवधि भी, यदि कोई है, शामिल है, दो वर्ष से अधिक नहीं होगी; तथा

(ii) उसके संबंध में ऐसी अन्य रीति में कार्यवाही कर सकता है, जो उसकी पूर्व नियुक्ति के निबन्धन और शर्तें अनुज्ञात करें ;

(3) किसी व्यक्ति की परिवीक्षा अवधि पूरी होने पर, नियुक्ति प्राधिकारी,–

(क) यदि उसकी राय में उसका कार्य तथा आचरण संतोषजनक पाया गया हो तो,–

(i) ऐसे व्यक्ति को उसकी नियुक्ति की तिथि से पुष्ट कर सकता है; यदि वह किसी स्थाई रिक्ति के विरुद्ध नियुक्त किया गया है; या

(ii) ऐसे व्यक्ति को ऐसी तिथि से पुष्ट कर सकता है जिसको स्थाई रिक्ति होती है, यदि अस्थाई रिक्ति के विरुद्ध नियुक्त किया गया है; या

(iii) घोषित कर सकता है कि उसने अपनी परिवीक्षा संतोषजनक रुप से पूरी कर ली है, यदि कोई स्थाई रिक्ति नहीं है; या

(ख) यदि उसकी राय में उसका कार्य या आचरण संतोषजनक न रहा हो, तो,–

(i) यदि वह सीधी भर्ती द्वारा नियुक्त किया गया हो, तो उसे सेवा से अलग कर सकता है, यदि अन्यथा नियुक्त किया गया हो, तो उसे उसके पूर्व पद पर प्रतिवर्तित कर सकता है या उसके संबंध में ऐसी अन्य रीति में कार्यवाही कर सकता है जो उसकी पूर्व नियुक्ति के निबंधन तथा शर्तें अनुज्ञात करें; या

(ii) उसकी परिवीक्षा अवधि बढा सकता है और उसके बाद ऐसे आदेश पारित कर सकता है जो वह परिवीक्षा की प्रथम अवधि की समाप्ति पर कर सकता था ;

परन्तु परिवीक्षा की कुल अवधि जिसमें बढ़ाई गई अवधि भी, यदि कोई है, शामिल है, तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी

11. ज्येष्ठता।

सेवा के सदस्यों की परस्पर ज्येष्ठता, सेवा में किसी भी पद पर उनके लगातार सेवाकाल के अनुसार निश्चित की जाएगी :

परन्तु सीधी भर्ती द्वारा नियुक्त सदस्यों की दशा में, ज्येष्ठता नियत करते समय आयोग या किसी अन्य भर्ती प्राधिकरण, जैसी भी स्थिति हो, द्वारा निर्धारित योग्यता क्रम भंग नहीं किया जाएगा :

परन्तु यह और कि एक ही तिथि को नियुक्त दो या दो से अधिक सदस्यों की दशा में, उनकी ज्येष्ठता निम्नलिखित रुप से निर्धारित की जाएगीः–

(क) सीधी भर्ती द्वारा नियुक्त सदस्य पदोन्नति या स्थानांतरण द्वारा नियुक्त सदस्य से ज्येष्ठ होगा,

(ख) पदोन्नति द्वारा नियुक्त सदस्य स्थानांतरण द्वारा नियुक्त सदस्य से ज्येष्ठ होगा ;

(ग) पदोन्नति अथवा स्थानांतरण द्वारा नियुक्त सदस्यों की दशा में, ज्येष्ठता ऐसी नियुक्तियों में ऐसे सदस्यों की ज्येष्ठता के अनुसार निर्धारित की जाएगी, जिनमें से वे पदोन्नत या स्थानांतरित किए गए थे ; और

(घ) विभिन्न संवर्गों से स्थानांतरण द्वारा नियुक्त सदस्यों की दशा में, उनकी ज्येष्ठता वेतन के अनुसार निर्धारित की जाएगी, अधिमान ऐसे सदस्य को दिया जाएगा जो अपनी पहले की नियुक्ति में उच्चतर दर पर वेतन ले रहा था, और यदि मिलने वाले वेतन की दर भी समान हो तो उनकी नियुक्तियों में उनके

सेवाकाल के अनुसार और यदि सेवाकाल भी समान हो, तो आयु में बड़ा सदस्य छोटे सदस्य से ज्येष्ठ होगा :

परन्तु यह और कि सेवा के सदस्यों की ज्येष्ठता मुख्यालय स्तर पर अनुरक्षित की जाएगी।

12. वेतन, छुट्टी, पेंशन तथा अन्य मामले।

(1) वेतन, छुट्टी, पेंशन और सभी अन्य मामलों के संबंध में, जिनका इन नियमों में स्पष्ट रुप से उपबन्ध नहीं किया गया है, सेवा के सदस्य हरियाणा सिविल सेवा (सामान्य) नियम, 2016, हरियाणा सिविल सेवा (वेतन) नियम, 2016, हरियाणा सिविल सेवा (अवकाश) नियम, 2016, हरियाणा सिविल सेवा (सरकारी कर्मचारी भत्ते) नियम, 2016, हरियाणा सिविल सेवा (सामान्य भविष्य निधि) नियम, 2016, हरियाणा सिविल सेवा (सरकारी कर्मचारी आचरण) नियम, 2016, हरियाणा सिविल सेवा (दण्ड तथा अपील) नियम, 2016, हरियाणा सिविल सेवा (यात्रा भत्ता) नियम, 2016, हरियाणा सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 2016 तथा ऐसे नियमों द्वारा शासित होंगे, जो सक्षम प्राधिकारी द्वारा भारत के संविधान के अधीन अथवा राज्य विधान मण्डल द्वारा बनाई गई तथा उस समय लागू किसी विधि के अधीन अपनाए या बनाए गए हों अथवा इसके बाद अपनाए या बनाए जाएं :

परन्तु हरियाणा सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 2016 के उपबन्ध, उन सेवा के सदस्यों को लागू नहीं होंगे जो प्रथम जनवरी, 2006 को या उसके बाद नियुक्त किए गए हैं।

(2) कोई सरकारी कर्मचारी जो सेवा या पद से सेवानिवृत होता है, अधिवर्षिता पेंशन (किन्तु पेंशन की किसी अन्य किस्म के लिए नहीं) के लिए अर्हक सेवा में परिवर्धन करने के लिए पात्र होगा –

(i) उसकी सेवा की अवधि के एक चौथाई से अनधिक वास्तविक अवधि; या

(ii) वास्तविक अवधि, जिससे भर्ती के समय उसकी आयु पच्चीस वर्ष से अधिक होती है; या

(iii) पांच वर्ष की अवधि,

इनमें से जो भी कम हो, यदि वह सेवा या पद, जिसमें सरकारी कर्मचारी की नियुक्ति की गई है, निम्नलिखित में से कोई एक है,–

(क) जिसके लिए प्रौद्योगिकी या व्यावसायिक क्षेत्र में विशिष्ट वैज्ञानिक स्नातकोत्तर अनुसंधान या अर्हता या अनुभव अनिवार्य है ; और

(ख) जिस पर सामान्यतः पच्चीस वर्ष से अधिक आयु के उम्मीदवार भर्ती किए गए हैं :

परन्तु यह छूट उन सरकारी कर्मचारियों को अनुज्ञेय होगी, जिनकी,–

(i) नियुक्ति सीधी भर्ती द्वारा की गई है और न कि पदोन्नति द्वारा ;

(ii) वास्तविक अर्हक सेवा अधिवर्षिता सेवानिवृति के समय दस वर्ष या अधिक है;

(iii) किसी ऐसे पद पर नियुक्त है, जिसके लिए भर्ती नियमों में यह विशिष्ट उपबन्ध अन्तर्विष्ट है कि जिसमें सेवा या पद वह है, जो इस नियम का लाभ ले सकता है ;

परन्तु उपरोक्त उप–नियम (2) के उपबन्ध उन सेवा के सदस्यों पर लागू नहीं होंगे जो प्रथम जनवरी, 2006 को या उसके पश्चात् नियुक्त हुए हैं।

(3) उप–नियम (2) में निर्दिष्ट छूट उसी विभाग में या किसी अन्य विभाग में किसी अन्य पद से ऐसे पद पर पश्चात्वर्ती नियुक्ति को भी लागू होगी :

परन्तु सरकारी कर्मचारी या तो अपनी पूर्ववर्ती अर्हक सेवा को अधिवर्षिता पेंशन के लिए हिसाब में लेने का हकदार होगा या उप–नियम (2) के अधीन छूट प्राप्त करने का हकदार होगा। वह इस आशय के विकल्प का प्रयोग पद ग्रहण करने की तिथि से एक वर्ष की अवधि के भीतर करेगा। एक बार प्रयोग किया गया विकल्प अन्तिम होगा।

टिप्पण :– इस नियम के अधीन छूट प्रदान करने का निर्णय प्रशासनिक विभाग द्वारा वित्त विभाग के परामर्श से भर्ती की तिथि से दो वर्ष के भीतर लिया जाएगा।

13. सेवा करने का दायित्व।

(1) सेवा का कोई सदस्य, नियुक्त प्राधिकारी द्वारा, हरियाणा राज्य में अथवा उसके बाहर किसी भी स्थान पर, सेवा करने के लिए आदेश दिए जाने पर ऐसा करने के लिए दायी होगा।

(2) सेवा के किसी सदस्य को सेवा के लिए नीचे लिखेनुसार भी प्रतिनियुक्त किया जा सकता है,–

(i) कोई कम्पनी, संगम या व्यष्टि निकाय, चाहे वह निगमित हो या नहीं जिसका पूर्ण या अधिकांश स्वामित्व या नियंत्रण राज्य सरकार के पास है, या हरियाणा राज्य के भीतर, नगर निगम या स्थानीय प्राधिकरण या विश्वविद्यालय ;

(ii) केन्द्रीय सरकार या ऐसी कम्पनी, संगम या व्यष्टि निकाय, चाहे वह निगमित हो या नहीं, जिसका पूर्ण या अधिकांश स्वामित्व या नियंत्रण केन्द्रीय सरकार के पास हो ; अथवा

(iii) किसी अन्य राज्य सरकार, अंतर्राष्ट्रीय संगठन, स्वायत्त निकाय, जिसका नियंत्रण सरकार के पास न हो अथवा गैर सरकारी निकाय :

परन्तु सेवा के किसी भी सदस्य को उसकी सहमति के बिना खण्ड (ii) या खण्ड (iii) में निर्दिष्ट केन्द्रीय या किसी अन्य राज्य सरकार या किसी संगठन या निकाय में सेवा करने के लिए प्रतिनियुक्त नहीं किया जाएगा।

14. अनुशासन, शास्तियां तथा अपीलें।

(1) अनुशासन, शास्तियों और अपीलों से संबंधित मामलों में सेवा के सदस्य समय–समय पर, यथा संशोधित हरियाणा सिविल सेवा (दण्ड तथा अपील) नियम, 2016 द्वारा शासित होंगे :

परन्तु ऐसी शास्तियों का स्वरुप जो लगाई जा सकती है, ऐसी शास्तियां लगाने के लिए सशक्त प्राधिकारी और अपील प्राधिकारी, भारत के संविधान के अनुच्छेद 309 के अधीन बनाई गई किसी विधि या नियमों के उपबन्धों के अधीन रहते हुए वे होंगे, जो इन नियमों के परिशिष्ट ग में विनिर्दिष्ट है।

(2) हरियाणा सिविल सेवा (दण्ड तथा अपील) नियम, 2016 के नियम 6 के अधीन आदेश पारित करने के लिए सक्षम प्राधिकारी और अपील प्राधिकारी वह होगा, जो इन नियमों के परिशिष्ट ग में यथा विनिर्दिष्ट हैं।

15. टीका लगवाना।

सेवा का प्रत्येक सदस्य, स्वयं को टीका लगवाएगा तथा जब कभी सरकार किसी विशेष या साधारण आदेश द्वारा ऐसा निर्देश करे, पुनः टीका लगवाएगा।

16. राज्यनिष्ठा की शपथ।

सेवा के प्रत्येक सदस्य से जब तक उसने पहले ही भारत के प्रति तथा विधि द्वारा यथा स्थापित भारत के संविधान के प्रति राजनिष्ठा की शपथ न ले ली हो, ऐसा करने की अपेक्षा की जाएगी।

17. आरक्षण।

इन नियमों में दी गई कोई बात राज्य सरकार द्वारा इस संबंध में समय–समय पर जारी किए गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, पिछड़े वर्गों, भूतपूर्व सैनिकों, अन्य विकलांग व्यक्तियों या व्यक्तियों के किसी वर्ग या प्रवर्ग को दिए जाने के लिए अपेक्षित आरक्षणों तथा अन्य रियायतों को प्रभावित नहीं करेगी।

18. विशेष उपबन्ध।

इन नियमों में किसी बात के होते हुए भी, नियुक्ति प्राधिकारी, यदि वह नियुक्ति के आदेश में विशेष निबन्धन और शर्तें लगाना उचित समझे तो वह ऐसा कर सकता है।

19. ढ़ील देने की शक्ति।

जहां सरकार की राय में, इन नियमों के किसी उपबन्ध में ढ़ील देना आवश्यक या समीचीन हो, वहां वह कारण लिखकर, आदेश द्वारा, व्यक्तियों के किसी वर्ग या प्रवर्ग के बारे में ऐसा कर सकती है।

20. निरसन तथा व्यावृत्ति।

पंजाब लोक निर्माण विभाग (सिंचाई शाखा) पटवारी राज्य सेवा, श्रेणी–III, नियम, 1955, पंजाब लोक निर्माण विभाग (सिंचाई शाखा) जिलेदार राज्य सेवा, श्रेणी–III, नियम, 1955, हरियाणा राज्यार्थ तथा हरियाणा सिंचाई विभाग राजस्वतथा निर्धारण लिपिक (ग्रुप–ग) सेवा नियम, 1991 इसके द्वारा निरसित किए जाते हैं :

परन्तु इस प्रकार से निरसित नियमों के अधीन किया गया कोई आदेश अथवा की गई कोई कार्यवाही इन नियमों के अनुरुप उपबन्धों के अधीन किया गया आदेश अथवा की गई कार्यवाही समझी जाएगी।

परिशिष्ट क

(देखिए नियम– 3)

क्रम संख्या	पदनाम	पदों की संख्या			वेतनमान
(1)	(2)	(3)			(4)
1	जिलेदार	स्थाई	अस्थाई	कुल	संशोधित वेतन नियम, 2016 का एफ पी एल– 6 (रु0 35400–112400)
		108	12	120	
2	मुख्य राजस्व लिपिक	44	05	49	संशोधित वेतन नियम, 2016 का एफ पी एल – 6 (रु0 35400–112400)
3	निर्धारण लिपिक	22	02	24	संशोधित वेतन नियम, 2016 का एफ पी एल – 6 (रु0 35400–112400)
4	राजस्व लिपिक	84	09	93	संशोधित वेतन नियम, 2016 का एफ पी एल – 6 (रु0 35400–112400)
5	सहायक राजस्व लिपिक	183	20	203	संशोधित वेतन नियम, 2016 का एफ पी एल – 4 (रु0 25500–81100)
6	नहरी पटवारी	1273	142	1415	संशोधित वेतन नियम, 2016 का एफ पी एल – 2 (रु0 19900–63200)

परिशिष्ट ख

(देखिए नियम 6)

क्रम संख्या	पदनाम	सीधी भर्ती के लिए शैक्षणिक योग्यताएं	सीधी भर्ती से अन्यथा नियुक्ति के लिए शैक्षणिक योग्यता तथा अनुभव, यदि कोई हो
1	2	3	4
1.	जिलेदार	(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से 55 प्रतिशत अंकों सहित स्नातक या इसके समकक्ष; (ii) एक विषय के रुप में हिन्दी/संस्कृत सहित मैट्रिक/10+2/स्नातक या स्नातकोत्तर ;	(i) पदोन्नति द्वारा – (ii) मुख्य राजस्व लिपिक, निर्धारण लिपिक, राजस्व लिपिक या सहायक राजस्व लिपिक के रुप में तीन वर्ष का अनुभव; (iii) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक या इसके समकक्ष : परन्तु न्यूनतम योग्यता उनके लिए जो इन नियमों के प्रकाशन की तिथि से पूर्व सेवा में भर्ती हुए हैं, 10+2 होगी।
2.	मुख्य राजस्व लिपिक	..	(i) पदोन्नति द्वारा; (ii) निर्धारण लिपिक के रुप में एक वर्ष का अनुभव।
3.	निर्धारण लिपिक	..	(i) पदोन्नति द्वारा; (ii) राजस्व लिपिक के रुप में दो वर्ष का अनुभव।
4.	राजस्व लिपिक	..	(i) पदोन्नति द्वारा; (ii) सहायक राजस्व लिपिक के रुप में तीन वर्ष का अनुभव।
5.	सहायक राजस्व लिपिक	(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से 50 प्रतिशत अंकों सहित स्नातक या इसके समकक्ष; (ii) एक विषय के रुप में हिन्दी/संस्कृत सहित मैट्रिक/10+2/स्नातक या स्नातकोत्तर ;	(i) पदोन्नति द्वारा; (ii) नहरी पटवारी के रुप में पांच वर्ष का अनुभव।
6.	नहरी पटवारी	(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक या इसके समकक्ष परीक्षा; (ii) एक विषय के रुप में हिन्दी/संस्कृत सहित मैट्रिक/10+2/ स्नातक या स्नातकोत्तर ;	..

परिशिष्ट ग

(देखिए नियम 8 तथा 14)

क्रम संख्या	**पदनाम**	**नियुक्ति प्राधिकारी**	**शास्ति का स्वरुप**	**शास्ति लगाने के लिए सशक्त प्राधिकारी**	**अपील प्राधिकारी**	**द्वितीय तथा अंतिम अपील प्राधिकारी, यदि कोई हो**
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
1.	जिलेदार	प्रमुख अभियंता	**लघु शास्तियां** हरियाणा सिविल सेवा (दण्ड तथा अपील) नियम, 2016 के नियम 4 (क) में यथा वर्णित। **बड़ी शास्तियां** हरियाणा सिविल सेवा (दण्ड तथा अपील) नियम, 2016 के नियम 4 (ख) में यथा वर्णित।	प्रमुख अभियंता	सरकार	——
2.	मुख्य राजस्व लिपिक					
3.	निर्धारण लिपिक					
4.	राजस्व लिपिक					
5.	सहायक राजस्व लिपिक					
6.	नहरी पटवारी	अधीक्षक अभियंता	**लघु शास्तियां** हरियाणा सिविल सेवा (दण्ड तथा अपील) नियम, 2016 के नियम 4 (क) में यथा वर्णित। **बड़ी शास्तियां** हरियाणा सिविल सेवा (दण्ड तथा अपील) नियम, 2016 के नियम 4 (ख) में यथा वर्णित।	अधीक्षक अभियंता	प्रमुख अभियंता	सरकार

परिशिष्ट घ

{देखिए नियम 9 (3)(क)(i)}

नीचे वर्णित पाठ्यक्रम के आधार पर विभागीय परीक्षा विभागाध्यक्ष द्वारा आयोजित की जाएगी जिसके लिए सिंचाई तथा जल संसाधन विभाग, हरियाणा के किसी अधीक्षक अभियंता को जिलेदार उम्मीदवारों की परीक्षा आयोजित कराने के लिए प्रतिनियुक्त किया जाएगा तथा उसके परिणाम के अनुमोदन तथा घोषणा के लिए विभागाध्यक्ष को प्रस्तुत किया जाएगा।

	परीक्षा का पाठ्यक्रम	पूर्ण अंक	पास अंक
(i)	**अंकगणित** – मैट्रिक स्तर तक	50	35
(ii)	**मापन –** समतल स्तह, त्रिभुज तथा बहुभुजी आकृतियां	50	35
(iii)	**सिंचाई का रजिस्ट्रेशन –** इस संबंध में जिलेदार के कार्य का सम्पूर्ण व्यावहारिक ज्ञान रखना। फसल के कम से कम 600 एकड़ के लिए गांव के सिंचाई रजिस्टर (शुदकर खसरा) को सही रुप से लिखने का प्रमाण पत्र रखना। प्रयोजन के लिए मुहैया विशेष शुदकर खसरा प्ररुप में सिंचाई लिखेगा। गांव का नक्शा (सजरा) पढ़ने के योग्य होना तथा भूमि पर सही रुप से खेतों का अनुगमन करना; कदम से मापकर सही रुप से माप करने में योग्य होना तथा इस प्रकार कदम से मापे गए खेतों के क्षेत्र की मानसिक रुप से गणना करना; चेन से किसी आकार के खेत का माप करने में योग्य होना।	50	35
(iv)	**मानचित्रण तथा ड्राईंग –** गांव के नक्शे, नहर की लाईन को सही रुप से रखने में योग्य होना; भूमि व्यवस्था वर्गाकार में तैयार करने में योग्य होना (जो गांव के नक्शे के आधार पर हो) तथा उस पर खेतों की सीमाएं भरना। गांव का नक्शा बनाने का तरीका जानना तथा उस नक्शे को वर्गाकार तरीके से घटाकर छोटा करना। कपड़े या कागज पर गांव का नक्शा अनुरेखित करने में योग्य होना।	50	35
(v)	**मांग विवरणी (खतौनी) –** मांग विवरणी खाते में चढ़ाने तथा सेचकों के बिल (पर्ची) तैयार करने के तरीके का सम्पूर्ण व्यावहारिक ज्ञान रखना। संतोषजनक तरीके से सिंचाई रजिस्टर से सम्पूर्ण गांव की मांग विवरणी वास्तविक रुप से तैयार करने का प्रमाण पत्र रखना। मानसिक रुप से तथा दर तालिका दोनों के अनुसार निर्धारित की जाने वाली राशियां निकालने में योग्य होना। विभाग में लागू तालिका के अनुसार सभी जल दरों को मौखिक रुप से दोहराने में योग्य होना।	50	35
(vi)	**विविध –** नहर या रजवाहे के किनारे में दरार या नहर से जलमग्न होने के अवसर पर जिलेदार के सम्पूर्ण कार्यों से परिचित होना। फसल की प्रत्येक किस्म को निरन्तर पानी देने के समय तथा कटाई की अनुमानित तिथियों तथा जिलेदार के कार्य तथा कर्तव्यों से संबंधित अन्य विविध मामलों का ज्ञान होना। निष्पक्ष विशुद्धता से छोटी नहरों का बहाव ग्रहण करने में योग्य भी होना।	50	35
(vii)	**नहर अधिनियम –** अपने कार्य से संबंधित हरियाणा नहर तथा जल निकास अधिनियम, 1974 तथा इसके अधीन बनाए गए हरियाणा नहर तथा जल निकास नियम, 1976 से संबंधित उपबन्धों का ज्ञान; अप्राधिकृत ढ़ंग से बर्बाद तथा प्रयोग किए गए पानी का निर्धारण करने की प्रणाली का ज्ञान होना।	50	35

परिशिष्ट ड़

{देखिए नियम 9 (3)(ख)(i)}

नीचे वर्णित पाठ्यक्रम के आधार पर विभागीय परीक्षा विभागाध्यक्ष द्वारा आयोजित की जाएगी जिसके लिए सिंचाई तथा जल संसाधन विभाग, हरियाणा के किसी कार्यकारी अभियंता या अधीक्षक अभियंता को सहायक राजस्व लिपिक उम्मीदवारों की परीक्षा आयोजित कराने के लिए प्रतिनियुक्त किया जाएगा तथा उसके परिणाम के अनुमोदन तथा घोषणा के लिए विभागाध्यक्ष को प्रस्तुत किया जाएगा।

	परीक्षा का पाठ्यक्रम	पूर्ण अंक	पास अंक
(i)	**अंकगणित** – मैट्रिक स्तर तक	50	30
(ii)	**मापन** – समतल स्तह, त्रिभुज तथा बहुभुजी आकृतियां	50	30
(iii)	**सिंचाई का रजिस्ट्रेशन** – इस संबंध में सहायक राजस्व लिपिक के कार्यों का सम्पूर्ण व्यावहारिक ज्ञान रखना। फसल के कम से कम 400 एकड़ के लिए गांव के सिंचाई रजिस्टर (शुदकर खसरा) को सही रुप से लिखने का प्रमाण पत्र रखना। प्रयोजन के लिए मुहैया विशेष शुदकर खसरा प्ररुप में सिंचाई लिखेगा। गांव का नक्शा (सजरा) पढ़ने के योग्य होना तथा भूमि पर सही रुप से खेतों का अनुगमन करना; कदम से मापकर सही रुप से माप करने में योग्य होना तथा इस प्रकार कदम से मापे गए खेतों के क्षेत्र की मानसिक रुप से गणना करना; चेन से किसी आकार के खेत का माप करने में योग्य होना।	50	30
(iv)	**मानचित्रण तथा ड्राईंग** – गांव के नक्शे, नहर की लाईन को सही रुप से रखने में योग्य होना; भूमि व्यवस्था वर्गाकार में तैयार करने में योग्य होना (जो गांव के नक्शे के आधार पर हो) तथा उस पर खेतों की सीमाएं भरना। गांव का नक्शा बनाने का तरीका जानना तथा उस नक्शे को वर्गाकार तरीके से घटाकर छोटा करना। कपड़े या कागज पर गांव का नक्शा अनुरेखित करने में योग्य होना।	50	30
(v)	**मांग विवरणी (खतौनी)** – मांग विवरणी खाते में चढ़ाने तथा सेचकों के बिल (पर्ची) तैयार करने के तरीके का सम्पूर्ण व्यावहारिक ज्ञान रखना। संतोषजनक तरीके से सिंचाई रजिस्टर से सम्पूर्ण गांव की मांग विवरणी वास्तविक रुप से तैयार करने का प्रमाण पत्र रखना। मानसिक रुप से तथा दर तालिका दोनों के अनुसार निर्धारित की जाने वाली राशियां निकालने में योग्य होना। मण्डल, जहां उम्मीदवार प्रशिक्षित हुआ था, में लागू तालिका के अनुसार सभी जल दरों को मौखिक रुप से दोहराने में योग्य होना।	50	30
(vi)	**विविध** – नहर या रजवाहे के किनारे में दरार या नहर से जलमग्न होने के अवसर पर सहायक राजस्व लिपिक के सम्पूर्ण कार्यों से परिचित होना। फसल की प्रत्येक किस्म को निरन्तर पानी देने के समय तथा कटाई की अनुमानित तिथियों तथा पटवारियों के कार्य तथा कर्तव्यों से संबंधित अन्य विविध मामलों का ज्ञान होना। निष्पक्ष विशुद्धता से छोटी नहरों का बहाव ग्रहण करने के योग्य भी होना।	50	30
(vii)	**नहर अधिनियम** – अपने कार्यों से संबंधित हरियाणा नहर तथा जल निकास अधिनियम, 1974 तथा इसके अधीन बनाए गए हरियाणा नहर तथा जल निकास नियम, 1976 से संबंधित उपबन्धों का ज्ञान; अप्राधिकृत ढ़ंग से बर्बाद तथा प्रयोग किए गए पानी का निर्धारण करने की प्रणाली का ज्ञान होना।	50	30

परिशिष्ट च

{देखिए नियम 9 (3)(ग)(i)}

नीचे वर्णित पाठ्यक्रम के आधार पर विभागीय परीक्षा विभागाध्यक्ष द्वारा आयोजित की जाएगी जिसके लिए सिंचाई तथा जल संसाधन विभाग, हरियाणा के किसी कार्यकारी अभियंता या अधीक्षक अभियंता को नहरी पटवारी उम्मीदवारों की परीक्षा आयोजित कराने के लिए प्रतिनियुक्त किया जाएगा तथा उसके परिणाम के अनुमोदन तथा घोषणा के लिए विभागाध्यक्ष को प्रस्तुत किया जाएगा।

	परीक्षा का पाठ्यक्रम	पूर्ण अंक	पास अंक
(i)	**अंकगणित** – मैट्रिक स्तर तक	50	25
(ii)	**मापन** – समतल स्तह, त्रिभुज तथा बहुभुजी आकृतियां	50	25
(iii)	**सिंचाई का रजिस्ट्रेशन** – इस संबंध में नहरी पटवारी के कार्यों का सम्पूर्ण व्यावहारिक ज्ञान रखना। फसल के कम से कम 300 एकड़ के लिए गांव के सिंचाई रजिस्टर (शुदकर खसरा) को सही रुप से लिखने का प्रमाण पत्र रखना। प्रयोजन के लिए मुहैया विशेष शुदकर खसरा प्ररुप में सिंचाई लिखेगा। गांव का नक्शा (सजरा) पढ़ने के योग्य होना तथा भूमि पर सही रुप से खेतों का अनुगमन करना; कदम से मापकर सही रुप से माप करने में योग्य होना तथा इस प्रकार कदम से मापे गए खेतों के क्षेत्र की मानसिक रुप से गणना करना; चेन से किसी आकार के खेत का माप करने में योग्य होना।	50	25
(iv)	**मानचित्रण तथा ड्राईंग** – गांव के नक्शे, नहर की लाईन को सही रुप से रखने में योग्य होना; भूमि व्यवस्था वर्गाकार में तैयार करने में योग्य होना (जो गांव के नक्शे के आधार पर हो) तथा उस पर खेतों की सीमाएं भरना। गांव का नक्शा बनाने का तरीका जानना तथा उस नक्शे को वर्गाकार तरीके से घटाकर छोटा करना। कपड़े या कागज पर गांव का नक्शा अनुरेखित करने में योग्य होना।	50	25
(v)	**मांग विवरणी (खतौनी)** – मांग विवरणी खाते में चढ़ाने तथा सेचकों के बिल (पर्ची) तैयार करने के तरीके का सम्पूर्ण व्यावहारिक ज्ञान रखना। संतोषजनक तरीके से सिंचाई रजिस्टर से सम्पूर्ण गांव की मांग विवरणी वास्तविक रुप से तैयार करने का प्रमाण पत्र रखना। मानसिक रुप से तथा दर तालिका दोनों के अनुसार निर्धारित की जाने वाली राशियां निकालने के योग्य होना। मण्डल, जहां उम्मीदवार प्रशिक्षित हुआ था, में लागू तालिका के अनुसार सभी जल दरों को मौखिक रुप से दोहराने में योग्य होना।	50	25
(vi)	**विविध** – नहर या रजवाहे के किनारे में दरार या नहर से जलमग्न होने के अवसर पर पटवारियों के सम्पूर्ण कार्यों से परिचित होना। फसल की प्रत्येक किस्म को निरन्तर पानी देने के समय तथा कटाई की अनुमानित तिथियों तथा पटवारियों के कार्य तथा कर्तव्यों से संबंधित अन्य विविध मामलों का ज्ञान होना। निष्पक्ष विशुद्धता से छोटी नहरों का बहाव ग्रहण करने में योग्य भी होना।	50	25
(vii)	**नहर अधिनियम** – अपने कार्य से संबंधित हरियाणा नहर तथा जल निकास अधिनियम, 1974 तथा इसके अधीन बनाए गए हरियाणा नहर तथा जल निकास नियम, 1976 से संबंधित उपबन्धों का ज्ञान; अप्राधिकृत ढ़ंग से बर्बाद तथा प्रयोग किए गए पानी का निर्धारण करने की प्रणाली का ज्ञान होना।	50	25

आलोक निगम,
अतिरिक्त मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार,
सिंचाई तथा जल संसाधन विभाग।

HARYANA GOVERNMENT

IRRIGATION AND WATER RESOURCES DEPARTMENT

Notification

The 7th June, 2019

No. 46/22/2019-3IW- In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution of India, the Governor of Haryana hereby makes the following rules regulating the recruitment and conditions of service of persons appointed to the Irrigation and Water Resources Department Haryana Revenue Establishment Service (Group-C), namely :-

PART-I GENERAL

1. Short title and commencement:

(1) These rules may be called the Haryana Irrigation and Water Resources Department Revenue Establishment Service (Group C) Rules, 2019.

(2) These rules shall come into force from the date of its publication in the official Gazette.

2. Definitions:-

In these rules, unless the context otherwise requires:-

(a) "Board" means,

(i) Board of School Education Haryana, Bhiwani; or

(ii) any other Board which is declared by the Government to be a recognized Board for the purpose of these rules;

(b) "Commission" means the Haryana Staff Selection Commission;

(c) "Deputy Collector" means the Deputy Collector of Irrigation and Water Resources Department, Haryana;

(d) "direct recruitment" means an appointment made otherwise than by promotion from within the Service or by transfer of an official already in the service of the Government of India or any State Government;

(e) "Engineer-in-Chief" means the Engineer-in-Chief of Irrigation and Water Resources Department, Haryana;

(f) "Executive Engineer" means an officer incharge of canal system or area known as a division of Irrigation and Water Resources Department, Haryana;

(g) "General Manager" means the General Manager/Project of Irrigation and Water Resources Department, Haryana;

(h) "Government" means the Government of the State of Haryana in the Administrative Department;

(i) "Institution" means,

(i) any institution established by law in force in the State of Haryana; or

(ii) any other institution recognized by the Government for the purpose of these rules;

(j) "recognized university" means,

(i) any university incorporated by law in India; or

(ii) any other university which is declared by the Government to be a recognized university for the purpose of these rules;

(k) "Service" means Irrigation and Water Resources Department Haryana Revenue Establishment (Group-C) Service;

(l) "Superintending Engineer" means an officer incharge of Canal System of an area Known as Circle of Irrigation and Water Resources Department, Haryana.

PART-II RECRUITMENT TO SERVICE

3. Number and character of posts.

The Service shall comprise the posts as shown in **Appendix A** to these rules:

Provided that nothing in these rules shall affect the inherent right of the Government or to make additions to or reduction in the number of such posts or to create new posts with different designation and scales of pay, either permanently or temporarily.

4. Nationality, domicile and character of candidate appointed to the Service.

(1) No person shall be appointed to any post in the service, unless he is,

(a) a citizen of India; or

(b) a subject of Nepal; or

(c) a subject of Bhutan:

Provided that a person belonging to any of categories (b) or (c) shall be a person in whose favour a certificate or eligibility has been issued by the Government

